हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 29 जून 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

14 बच्चियों में दिखा व्हालीबॉल का जूनन,...

15 श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ







## खबर संक्षेप

### कदाचरण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, रोजगार सहायक बर्खास्त

**कसडोल।** कदाचरण और कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कठोर करवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो से जिओ टैगिंग व मस्टर रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने की शिकायत जांच में पुष्टि होने पर रोजगार सहायक को बर्खास्त कर दिया गया है।
जानकारी के अनुसार विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलारी (क) में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से जिओ टैगिग व मस्टर रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने एवं अभद्र व्यवहार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा शिकायत जांच कराई गई। जांच में रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध शिकायत सही पाए जाने तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के अनुमोदन उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा ग्राम पंचायत बिलारी (क) के रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा को संविदा पद से पृथक कर दिया गया है।

### ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल



**कसडोल।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर 2 वर्ष में रकम का दुगना कर वापस करने का झांसा देने के प्रकरण में पुलिस ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी की है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने लोगों को झासा देकर पैसा वसूल करना स्वीकार किया है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश का जेल भेजा है। इस प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को ग्राम महकम चौकी सोनाखान निवासी 29 वर्षीय रूपेश कुमार साहू और 34 वर्षीय तुलेश्वर प्रसाद साहू को हिरासत में लिया गया। उक्त दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य के साथ मिलकर ▸▸ शेष पेज 15 पर

**निरीक्षण :** वार्डों में सर्वे करने, सैंपल जांच व सतत निगरानी के दिए निर्देश

# डायरिया प्रभावितों का जायजा लेने मेडिकल कैंप पहुंचा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को पलारी के उन वार्डों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया जहां उल्टी दस्त के कुछ प्रकरण सामने आए हैं। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में इलाज हेतु भर्ती मरीजों का भी जायजा लिया और चिकित्सकों को पर्याप्त दवाई की उपलब्धता व बेहतर इलाज के निर्देश दिये। इसके साथ वार्डों में बनाए गए मेडिकल कैम्प का भी निरीक्षण कर मरीजों का हाल-चाल जाना।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगरीय निकाय, पीएचई और राजस्व विभाग को समन्वय बना कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने डायरिया नियंत्रण के लिए वार्डो का सर्वे करने, जल स्त्रोतों का शुद्धिकरण सहित सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, प्रकरण के सम्बंध में निगरानी बढ़ाये जाने के भी निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि बारिश के मौसम में साफ-सफाई के अभाव, दूषित खान-पान के कारण उल्टी-दस्त की शिकायत होती है। पलारी के कुछ वार्डों में इसके प्रकरण सामने आए हैं। इसमें वार्ड क्रमांक नंबर 4 में 86 घरों के सर्वे में 48, वार्ड क्रमांक 2 में 60 घरों के सर्वे में 12, वार्ड क्रमांक 5 में 50 घरों के सर्वे में 8 लोग लक्षण वाले प्रकट हुए हैं। सभी को उपचार दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन क्षेत्रों में कैंप लगाया गया है, जिसमें कर्मचारियों की शिफ्ट अनुसार ड्यूटी लगाई गई है। सीएचसी पलारी में उल्टी- दस्त के 29 मरीज भर्ती हैं, जिनका इलाज जारी है। इसके साथ ही कैम्प में भी मरीजों का इलाज जारी है। मौके पर उपस्थित ▸▸ शेष पेज 15 पर

## ईमानदारी, निष्ठा व लगन से मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी : मंत्री



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार


राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खजुरी में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर अभिनन्दन किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को गणवेश व पाठ्यपुस्तके वितरित की गई। मंत्री वर्मा ने शासकीय हाई स्कूल खजुरी के खेल मैदान समतलीकरण के लिए 2 लाख एवं स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 35 हजार देने की घोषणा की।

- नवप्रवेशी छात्रों का किया गया अभिनन्दन, गणवेश व पाठ्य पुस्तकें बांटी

राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि शिक्षा का जीवन में विशेष महत्त्व है। ईमानदारी, निष्ठा व लगन से मेहनत करने पर सफलता जरूर मिलती है। इस स्कूल के विद्यार्थी मेहनती है। विगत वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं का उत्कृष्ट परिणाम रहा। संसाधन व शिक्षकों की कमी रहते हुए भी बेहतर करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों के सर्वांगीण ▸▸ शेष पेज 15 पर

## रोजगार सहायकों को चार माह से मानदेय का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बंगोल



छत्तीसगढ़ में 12 हजार से ज्यादा मनरेगा रोजगार सहायकों को चार माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे रोजगार सहायकों में भारी रोष है। उल्लेखनीय है कि मनरेगा रोजगार सहायकों के माध्यम से ही मनरेगा मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, ताकि पलायन जैसी समस्या उत्पन्न न हो। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम जनमन सहित पंचायत में आने वाली सभी अन्य योजनाओं का सफल क्रियान्वयन रोजगार सहायक द्वारा ही सम्पन्न किया जाता है, जिससे राज्य व केंद्र सरकार की मंशानुरुप कार्य संपन्न होता है।

केंद्र व राज्य सरकार अपनी योजनाओं को सफल बनाने के लिये रोजगार सहायकों पर बिना मतलब के ही सख्त कार्रवाई करने, नौकरी से हटाने की पत्र ▸▸ शेष पेज 15 पर

### ज्ञापन सौंपने के बावजूद प्रशासन ने अब तक नहीं की पहल

मनरेगा संघ रायपुर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, तिल्दा जनपद अध्यक्ष पूनम ऑडिल, खड़ानंद वर्मा सहित अन्य प्रतिनिधियों ने बताया कि चार माह से मानदेय नहीं मिलने से रोजगार सहायकों को रोजमर्रा की जरुरतें पूरी करना दुष्कर कार्य हो गया है। वहीं वर्तमान में स्कूल खूलने से पालक अपने बच्चों की फीस देने में अस्मर्थ हो चुके हैं। रोजगार सहायकों द्वारा पूर्व व वर्तमान सरकार से वेतनमान को लेकर हड़ताल, धरना, प्रदर्शन कर ज्ञापन, पत्र व्यवहार किया गया, परंतु आज पर्यंत तक दोनों सरकार वेतनमान निर्धारन करने में अपनी दिलचस्पी नहीं दिखाई तथा दोनों नाकाम साबित हो चुके हैं। बीते 19 वर्षों से रोजगार सहायक अल्प मानदेय पर काम कर रहे हैं, जबकि वर्तमान में महंगाई चरम सीमा पर है।

## विधायक के विरुद्ध फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट, थाने में शिकायत

**मुड़पार-सरसींवा।** कांग्रेस विधायक कविता प्राण लहरे पर फेसबुक में आपत्तिजनक व अश्लील टिप्पणी करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। विधायक संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ शिकायत करने थाने पहुंची। विधायक ने अपने शिकायत पत्र में कहा कि फेसबुक पर बेदराम जांगड़े नामक व्यक्ति जो कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश महामंत्री हैं, उनके द्वारा अपने फेसबुक आईडी से सार्वजनिक रूप से विधायक के विरुद्ध अशोभनीय, अश्लील व चरित्र को आहत करने वाली भाषा का प्रयोग करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट साझा किया, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और आम जनता में भ्रम व आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो रही है। शिकायत में पोस्ट का स्क्रीनशॉट संलग्न करते हुए थाना सरसींवा प्रभारी से कार्रवाई का अनुरोध किया है। सम्बन्धित बेदराम जांगड़े के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की ▸▸ शेष पेज 15 पर




ग्रामीण शासन-प्रशासन से कर चुके हैं पुलिया बनाने की मांग

# भालूकोना रपटे पर बारिश का पानी संडी-तिल्दा मार्ग पर फिर संकट के बादल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी-रावन



संडी से तिल्दा को जोड़ने वाला प्रमुख सड़क मार्ग इन दिनों फिर बारिश के कारण परेशानी का सबब बन गया है। भालूकोना के पास स्थित रपटे पर बारिश का पानी बहने लगा है, जिससे इस मार्ग पर अभी तो आवागमन शुरू है, लेकिन तेज बारिश हुई तो यह पूरी तरह बाधित हो सकता है और मार्ग बंद हो जाएगा। यह मार्ग व्यापारिक और सामाजिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। आसपास के ग्रामीण किसान, व्यापारी एवं मजदूर इसी मार्ग के माध्यम से तिल्दा जैसे प्रमुख कस्बे से जुड़े हैं, लेकिन हर साल बारिश के समय यही रपटा समस्या बनकर खड़ा हो जाता है। बारिश के समय सड़क मार्ग पर बहते पानी के कारण वाहन चालकों को जोखिम उठाकर रपटे को पार करना पड़ता है, जो दुर्घटना को निमंत्रण देता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार संबंधित ▸▸ शेष पेज 15 पर

## खबर संक्षेप

### ईओडब्लू ने दो हजार पन्नों की कोर्ट में पेश की चार्जशीट

**रायपुर।** राजिम स्थित इंडियन ओवरसीस बैंक (आईओबी) में एक करोड़ 65 लाख 44 हजार के बैंक घोटाला को लेकर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने ईओडब्लू की विशेष अदालत में शुक्रवार को दो हजार पन्नो का चालान पेश किया। घोटाला के आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। पेश किए गए चालान में 13 पन्नों की अलग से समरी है। बैंक घोटाला मामले में बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुनील कुमार, तत्कालीन शाखा प्रबंधक अंकिता पाणिग्रही, लिपिक योगेश पटेल तथा खेमन लाल कंवर के खिलाफ ईओडब्लू ने कोर्ट में चालान पेश किया है। यह मामला दिसबर 2022 से फरवरी 2023 के बीच का है, जब बैंक के तत्कालीन अधिकारियों ने आपसी मिलीभगत से 17 खाताधारकों के नाम पर फर्जी ज्वेल लोन तैयार कर 1 करोड़ 65 लाख 44 हजार रुपए का गबन किया था। इस दौरान न तो खाताधारक बैंक में उपस्थित हुए थे और न ही उनके द्वारा कोई आवेदन या सहमति दी गई थी। घोटाले में शामिल चारों आरोपियों को ईओडब्लू ने दो माह पूर्व अप्रैल में गिरफ्तार किया था। घटना के बाद वर्ष 2023 से फरार अंकिता को ईओडब्लू ने ओडिशा, बरगढ़ से गिरफ्तार किया था।

### शासकीय संपत्तियों पर पोस्टर लगाने पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम अमला ने शुक्रवार को शासकीय संपत्तियों पर पोस्टर लगाने वाले कोचिंग सेंटर और एक हास्पिटल के संचालक पर जुर्माना लगाया है। इसके तहत नगर निवेश विभाग ने संतोषी नगर से तरुण बाजार रोड पर शासकीय सम्पतियों पर पोस्टर लगाने वाले कुणाल मढ़रिया फिजिक्स केमिस्ट्री कोचिंग सेंटर के संचालक पर चार हजार रुपए, कटोरा तालाब रोड स्थित मधुरम मोबाइल दुकान संचालक को चार हजार रुपए तथा भाठागांव अंडरब्रिज में पाम्पलेट लगाये जाने पर ओम सांईराम हॉस्पिटल पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

### घर में सोलर पैनल लगाने से बिजली बिल से मुक्ति

**रायपुर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत रायपुर के डॉ. दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी अतुल तिवारी के परिवार को बिजली बिल से मुक्ति मिल गई है। इस योजना के तहत उन्होंने बीते वर्ष अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया। 78 हजार रुपए की सब्सिडी मिली, जिससे लागत बेहद कम हो गई और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया जल्द शुरू हो गई। सोलर पैनल लगाने से पहले हर गर्मी में 7 से 8 हजार रुपए का बिजली बिल आता था, लेकिन अब बिल 'शून्य' आया है। योजना के अंतर्गत शासन द्वारा उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर सोलर प्लाण्ट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है। इस योजना में 30 हजार रूपये से लेकर 78 हजार रूपये तक अनुदान भी दिया जाता है।

### प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए होगा 4 टेस्ट सीरीज

**महासमुंद।** नवकिरण अकादमी व जिला ग्रन्थालय महासमुंद में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी प्रत्येक भर्ती परीक्षा के पूर्व प्रारंभ से ही मेगा टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में आगामी प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा जो 03 अगस्त 2025 को होनी है। प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज नवकिरण अकादमी व जिला ग्रन्थालय महासमुंद द्वारा लिया जाएगा। जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखते हुए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा।

# पीएम सूर्य घर योजना में बलौदाबाजार की मंजुला वासिंग को मिली 78 हजार की सब्सिडी

## 3 किलोवाट सोलर पैनल से बिजली बिल से राहत, लोगों में योजना को लेकर बढ़ी रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सौर ऊर्जा क़ो बढ़ावा देने तथा नवीनीकृत ऊर्जा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरु की गई है।इस योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने के लिए सब्सिडी देने का प्रावधान रखा गया है। इस योजना का लाभ जिलेवासी भी लेने लगे हैं। एक छत से कई फयदा मिलने से लोग इस योजना में काफ़ी रूचि ले रहे हैं।

■ 300 यूनिट मुफ्त बिजली के साथ मिल रहा है आर्थिक लाभ और पर्यावरण सुरक्षा



### हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेगा 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही केंद्र से 78000 हजार व राज्य सरकार से 30 हजार तक की अधिकतम सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके लिए लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे अनुदान राशि का अंतरण किया जाएगा। शासन द्वारा हितग्राहियों को बैंक खाते में सीधे दी जाने वाली सब्सिडी से लेकर रियायती बैंक ऋण सुनिश्चित की जाएगी। जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राही प्रधानमंत्री सूर्य घर डॉट जीओवी डॉट इन या प्रधानमंत्री सूर्य घर ऐप्प डाउनलोड कर पंजीयन कर सकते हैं।

बलौदाबाजार के वार्ड नम्बर 18 निवासी मंजुला वासिंग ने बताया कि उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने मकान की छत में 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया है। योजना के तहत 78 हजार रुपये का सब्सिडी भी मिला है। उन्होंने बताया कि अब बिजली बिल भगतान की परेशानी से मुक्ति मिलने के साथ ही आर्थिक लाभ भी हो रही है। उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना क़ो क्रन्तिकारी पहल बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय क़ो धन्यवाद दिया है। योजना का लाभ लेने के ईच्छुक हितग्राही सीएसपीडीसीएल अथवा क्रेड़ा जिला कार्यालय बलौदाबाजार से योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## अल्ट्राटेक सीमेंट और राज्य सरकार के बीच कचरा प्रबंधन के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी

# उद्योग और सरकार मिलकर काम करने से होगा शहरी चुनौतियों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में अल्ट्राटेक सीमेंट के ईस्ट क्लस्टर ने राज्य शहरी विकास प्राधिकरण सूढा के साथ मिलकर एक परिवर्तनकारी पहल की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य राज्यभर में नगरपालिका कचरे के वैज्ञानिक और सतत उपयोग को सुनिश्चित करना है। यह ऐतिहासिक समझौता 8 जून को अल्ट्राटेक और 51 नगरीय निकायों यूएलबीएस के बीच सूढा के सीईओ शशांक पांडे एडिशनल सीईओ, दुष्यंत डिप्टी सीईओ सुनील अग्रवाल और सलाहकार महेश्वर परिडा की उपस्थिति में हुआ। इन समझौतों पर संबंधित नगरीय निकायों के अधिकारियों और अल्ट्राटेक की ओर से प्रवीण कुमार ने हस्ताक्षर किए। यह रणनीतिक सहयोग अल्ट्राटेक की एक स्वच्छ और हरित भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पहल के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कुल 53 नगरीय निकायों को जोड़ा गया है, जिससे स्थानीय शासन और उद्योग के बीच दीर्घकालिक सहयोग की एक मजबूत रूपरेखा तैयार हुई है। प्रवीण कुमार वर्टिकल हेड, रॉ मटेरियल एंड फ्यूल, ईस्ट क्लस्टर ने कहा यह साझेदारी इस बात का प्रमाण है कि जब उद्योग और सरकार मिलकर काम करते हैं, तो शहरी चुनौतियों का समाधान और स्थिरता को बढ़ावा देना संभव होता है। हम एक सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल में योगदान देने पर गर्व महसूस करते हैं, जो न केवल कचरे का जिम्मेदार प्रबंधन करता है, बल्कि सीमेंट उद्योग की स्थिरता को भी सुदृढ़ करता है। जिसमें प्रमुख रूप से 53 नगरीय निकायों ने नगरपालिका कचरे के उपयोग हेतु व्यक्तिगत समझौते किए अल्ट्राटेक और यूएलबीएस के बीच दीर्घकालिक सहयोग की रूपरेखा तैयार सीमेंट निर्माण में कचरे के पुनः उपयोग हेतु को-प्रोसेसिंग तकनीक को अपनाया गया। नगरपालिका कचरे को-प्रोसेसिंग का महत्व जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता में कमी लैंडफिलिंग और खुले में जलाने की प्रवृत्ति में रोकथाम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों को बढ़ावा सतत औद्योगिक विकास को समर्थन यह पहल अल्ट्राटेक सीमेंट की स्थिरता, नवाचार और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह भारत के अन्य राज्यों में इसी प्रकार की साझेदारियों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल भी प्रस्तुत करती है।

# बच्चियों में दिखा व्हालीबॉल का जूनन, साड़ी का बनाया नेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

छोटे से ग्राम रिंगनी में जहां एक ओर शहरों में वॉलीबॉल जैसे खेलों के लिए आधुनिक प्लेग्राउंड और पूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं, वहीं दूसरी ओर गांवों में आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी के बावजूद बच्चों का खेलों के प्रति जज्बा कम नहीं हुआ है। ऐसा ही दृश्य देखने को मिला रिंगनी गांव में, जहां 15 से 20 लड़कियां बिना किसी सुविधाओं के, वॉलीबॉल खेलते हुए नजर आईं। इन बच्चियों ने नेट की जगह दो लकड़ी के डंडों के बीच एक साड़ी बांधकर अपना खेल जारी रखा। खेल के प्रति उनका समर्पण देख गांव की एक महिला ने बिना संकोच अपनी साड़ी बच्चों को खेलने के लिए दे दी। इन बच्चियों में कोई पुलिस अधिकारी बनने का सपना देख रही है, तो कोई डॉक्टर या आर्मी ऑफिसर बनना चाहती है। सुविधाओं के अभाव में भी ये बच्चियां हार नहीं मान रही हैं। मोबाइल की दुनिया में खोते बच्चों के बीच एक सकारात्मक उदाहरण आज जहां अधिकांश बच्चे स्कूल के बाद मोबाइल में खो जाते हैं, ऑनलाइन गेम्स खेलते हैं, वहीं यह बच्चियां खेलों के जरिए न सिर्फ शारीरिक विकास कर रही हैं, बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा भी बन रही हैं।

■ ग्रामीण अंचल में सुविधाओं के अभाव के बाद भी खेल के प्रति बच्चों में बढ़ी रुचि

**सरकार से की विशेष सुविधाएं देने की मांग**

ग्रामीणों और बच्चों ने सरकार से अपील की है कि शहरों की तरह गांवों में भी खेल सुविधाएं—विशेषकर व्हालीबॉल कोर्ट, नेट, बॉल और कोचिंग जैसी प्रदान की जाएं, ताकि ये होनहार बच्चे अपनी प्रतिभा को और निखार सकें।

# पांच दिनों से अंधेरा में डूबा बरोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पिछले 5 दिनों से बरोली ग्राम का आधा बस्ती अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली गुल होने से लोगों को पीने के पानी एवं निस्तार के लिए पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी अधिकारियों को नहीं दी गई है, बल्कि बिजली विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद उन्होंने 5 दिनों में कोई प्रयास नहीं किया। जिससे ग्रामवासी एवं खासकर महिलाओं में विशेष रोष है और व्यवस्था सुधार नहीं होने पर शीघ्र विद्युत कार्यालय घेराव का मन बना चुके है। बता दें कि इस समय गर्मी और बरसात दोनों है। जिससे उमस का माहौल है। ऐसे माहौल में ग्राम बरोली के आधा बस्ती बिजली से वंचित है और घरों में पीने के लिए पानी उपलब्ध नहीं है। साथ ही टॉयलेट बाथरूम जाने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। साथ ही ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण विद्युत सप्लाई अप डाउन हो रहा है और जिसके कारण से सैकड़ों बिजली उपकरण जल गए हैं, जिससे लाखों की क्षति ग्रामीणों को हुई है। घरों के बल्ब, पंखा, सबमर्सिबल पंप, टीवी, फ्रिज कूलर, डीटीएच जैसे विद्युत उपकरण जल गई हैं और लोगों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सूचना देने के बावजूद भी विद्युत विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का कोई प्रयास अभी तक कार्रवाई ट्रांसफार्मर बदलने के लिए नहीं किया गया है, जिससे लोगों में भारी रोष है। खासकर महिलाएं इससे ज्यादा चिंतित है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई और गर्मी से स्वास्थ्य भी बहुत खराब हो रहा है। मच्छरों का प्रकोप भी बहुत ज्यादा हो रहा है। यदि सोमवार तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाता है तो ग्राम की महिलाएं एवं पुरुष विद्युत कार्यालय का घेराव करने के मन बना चुके है।

■ ग्रामीणों को पेयजल की समस्या

# कवि सुरेंद्र दुबे का निधन साहित्य जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



छत्तीसगढ़ के साथ देश-विदेशों में कवि के नाम से विख्यात पद्मश्री कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे का निधन होने पर ग्राम पंचायत अर्जुनी, टोनाटार, नवागांव, पूरेना, मल्दी, खैरताल, भद्रापाली, गोढ़ी, मोपर, खम्हरिया सहित आसपास से ग्रामीण क्षेत्र में उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश धोबी समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश रजक, पूर्व जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश साहू, टोनाटार सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच पिंकू, कुलेश्वर वर्मा, अर्जुनी के उपसरपंच विष्णु साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, सेवानिवृत शिक्षक भंवर सिंह साहू, समाजसेवी रूपेश वर्मा, संजय रजक, दीपक रजक ने कहा कि पद्मश्री कवि सुरेंद्र दुबे ने छत्तीसगढ़ी भाषा को विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाने वाले पद्मश्री से सम्मानित कवि का हृदयघात से निधन साहित्य जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति है। उनका इस तरह अचानक से चले जाना सबके लिए हृदय विदारक है। स्वर्गीय दुबे की कविताएं न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि सात समुंदर पर विदेशों में भी गूंजती है। उनका जीवन पूर्ण रूप से साहित्य को समर्पित रहा, नवांकुर लेखनी के वे आदर्श भी रहे। अपने अल्हड़ व चुटकुले अंदाज से लोगों को हंसाने वाले तथा अपनी उपस्थिति मात्र से कवि सम्मेलन की सफलता की गारंटी देने वाले हम सबके सदैव दिलों में जिंदा रहेंगे।

# सिविल अस्पताल में पत्रकारों के प्रवेश पर लगी रोक स्थगित, लेकिन भ्रम की स्थिति बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जनहित के लिए सतत सजग रहने वाला एवं समाज मे एक आईने के सदृश कार्य करने वाला पत्रकार जगत उपरोक्त निर्णय से आहत का भाव महसूस करते हुए विरोध पर उतर आ या जनमानस के बीच भी इस फरमान की कड़ी आलोचना होने लगी, मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा इस दिशा मे संवेदना पूर्ण संज्ञान लेते हुए आदेश की स्थगन की घोषणा की गयी उसके उपरांत विभाग द्वारा स्थगन संबंधी प्रपत्र भी जारी किया गया, जिससे इस तरह के अटपटे फरमान पर एक तरह से रोक लगी।

■ पत्रकारों ने विरोध जताया, सरकार ने लिया संज्ञान

भले ही आदेश अभी पूरी तरह निरस्त नहीं हुआ है लेकिन फौरी तौर पर स्थगन के माध्यम से निर्देश पर लगाम लग गयी है किन्तु भाटापारा सिविल अस्पताल में अभी भी आशंकाओं के धुंध छाए हुए नजर आ रहें है जिसकी अहम वजह है इमरजेंसी भर्ती वार्ड मे बंदिश का पोस्टर चस्पा होना जिसमे स्पष्ट तौर पर उल्लेखित है कि अस्पताल में आए हुए एवं भर्ती मरीजों का फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करना सख्त मना है, आदेशानुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ, उपरोक्त बंदिश संबंधी पोस्टर का अभी भी चस्पा होना आशंकाओं को जन्म दे रही है तथा भाटापारा पत्रकार जगत में स्वास्थय क्षेत्र मे पत्रकारिता को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है।




### प्रतिबंधक पोस्टर से उठे सवाल

डॉ राजेश अवस्थी से चर्चा करने पर उनके द्वारा स्थगन आदेश की पुष्टि की गयी, विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ माहेश्वरी से इस बाबत चर्चा करने एवं स्थगन आदेश के बावजूद बंदिश का पोस्टर चस्पा होने के संबंध में उनसे जानकारी ली गयी तो उनके द्वारा विभिन्न कंडिकाओं का हवाला दिया गया, उनके नजरिए से देखा जाए तो अभी भी बंदिशों का प्रभाव है, जबकि जानकारों का कहना है कि स्थगन मतलब बंदिश के संपूर्ण कंडिकाओं पर विराम लेकिन भाटापारा सिविल अस्पताल असंमजस एवं भ्रम की परिस्थिति को निर्मित करती हुई प्रतीत हो रही है, अब देखना यही है कि इस दिशा में कुहासा कब छंटता है एवं पत्रकार सम्मान स्वतंत्रा कब भ्रम से मुक्त होता है।

## नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने गुणवत्ता और संसाधन आपूर्ति पर जताई सतर्कता

# बलौदाबाजार में जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





नगर में पेयजल की व्यवस्था को सूदृढ़ रखने के साथ ही जन सामान्य को पेयजल की आपूर्ति पर विशेष ध्यान रखे जाने का निर्देश दिया गया, नगर पा लि का अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षद गणों के द्वारा ग्राम शुक्ला भाटा में निर्मित जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया गया, नगर बलोदाबाजार में पेयजल आपूर्ति के लिए फिल्टर युक्त पानी के गुणवत्ता का भी अवलोकन किया गया, बारिश के दिनों में पेयजल की व्यवस्थित आपूर्ति एवं संक्रमण से बचाव के लिए एलम ब्लीचिंग व कीटाणु नाशक संसाधनों की आपूर्ति में कमी नहीं होने की हिदायत देते हुए जल के सुचारू रूप से आपूर्ति किए जाने का निर्देश भी दिया गया । वर्तमान में पेयजल फिल्टर प्लांट का निर्माण किया गया है किन्तु सुरक्षा हेतु बाउंड्री वॉल नहीं होने के संबंध में चर्चा करते हुए गंभीरता पूर्वक विचार कर कलेक्टर महोदय से चर्चा कर बाउंड्री बाल निर्माण कराये जाने की बाद भी कही गई, साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा आसपास के ग्रामीणों से भी चर्चा कर पेयजल की शुद्धता एवं आपूर्ति के साथ कर्मचारियों के कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई, जल शोधन संयंत्र ग्राम शुक्ला भाटा के फिल्टर प्लांट निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, सभापति पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, कन्हैया सेन, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, उप अभियंता विनोद यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

■ शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए एलम-ब्लीचिंग और कीटाणुनाशकों की व्यवस्था सुनिश्चित

# खट्टी स्कूल में नहीं पहुंचे शिक्षक ताला लगाकर हुए नदारद



**महासमुंद।** जिले के समीपस्थ ग्राम खट्टी के स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था का बुरा हाल है। हायर सेकंडरी स्कूल में शनिवार को स्कूल खुलने के निर्धारित समय के ढाई घंटे बाद तक गिने चुने शिक्षक ही ड्यूटी में पहुंचे। वहीं परिसर में ही स्थित कन्या मिडिल स्कूल में निर्धारित समय के पहले ही ताला लगा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की मनमानी जारी है। स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा कथित संरक्षण दिए जाने के चलते कुछ शिक्षक लगातार देर से स्कूल पहुंचते हैं वहीं यह भी जानकारी मिली है कि कई शिक्षक 4-5 दिन नदारद रहने पर एक साथ उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करते हैं। कन्या मिडिल स्कूल प्राचार्य नीतू साहू ने बताया कि मध्याह्न भोजन के बाद स्कूल बंद कर दिया गया। उनका कहना था कि बारिश में बच्चे भीग गए थे तो उन्हें भोजन के बाद घर भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### नगर के शीतला मंदिर में माता पहुंचनी 3 को

**महासमुंद।** नगर के मां शीतला मंदिर में 3 जुलाई 2025 दिन गुरुवार को माता पहुंचनी का आयोजन किया गया है। जिसमें सुबह से देर शाम तक माता की विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी व ठंडाई प्रसादी का वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति के सदस्य भाऊ राम साहू ने बताया कि माता पहुंचनी के आयोजन की तैयारी के लिए मंदिर समिति जुटे हैं। उन्होंने समस्त नगर वासियों से माता पहुंचनी के अवसर पर मां शीतला मंदिर में दर्शन लाभ लेने उपस्थित होने आग्रह किया है।

### किराएदार ने मकान मालिक को पिटवाया

**महासमुंद।** बागबाहरा के पोटरपारा में एक व्यक्ति द्वारा अपने मकान मालिक को पिटवाने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी विकास चंद्राकर निवासी वार्ड नं 14 पोटरपारा बागबाहरा ने बताया कि उसने गौतम गोरले को अपने मकान को किराए में दिया था, लेकिन वह मकान का किराया समय पर नहीं देता था। जिसके चलते 27 जून की शाम 6.30 बजे वह मकान खाली करा रहा था, उसी समय टुकेश सोनवानी वहां पर आया, जिसे गौतम गोरले ने कहा कि विकास चंद्राकर को मारो। इस पर आरोपी टुकेश सोनवानी ने गाली गलौज कर लकड़ी के डंडे से मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### रसोड़ा में ग्रामीण से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम रसोड़ा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना हो गई। मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी महेश मुन्ना ने बताया कि 27 जून की शाम 6 बजे वह अपने घर के सामने गली में खड़ा था। उसी समय गांव का बरूण भोई अपने साथ पालतू कुत्ते को गली में घुमा रहा था। अचानक वह कुत्ता उसके उपर चढ़ गया, उसने बरूण भोई से कहा कि कुत्ता/जानवर से मजाक नहीं करना है।

### विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

महासमुंद। सेजेस हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय सभा कक्ष में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रतिनिधि मुन्ना झनक साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत महासमुंद अध्यक्ष के प्रतिनिध रामस्वरूप दीवान, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर, प्राचार्य हेमेंद्र सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे।

# वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा का वनमंडल ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

वनमंडल अधिकारी गणवीर धम्मशील की उपस्थिति में कसडोल उपवनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवपुर, सोनाखान, अर्जुनी के वन प्रबंधन समितियों की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन शनिवार को देवपुर में किया गया। इस अवसर पर वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। कार्यशाला में वन प्रबंधन समिति की राशि से रोजगार मूलक कार्य कर ग्राम आर्थिक विकास किए जाने की रूपरेखा तैयार किए जाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।

वन मंडल अधिकारी धम्मशील ने बताया कि वन प्रबंधन समिति और वन विभाग मिलकर वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा को बेहतर करने का प्रयास कर सकते हैं, इसके लिए यह कार्यशालायका का आयोजन किया गया। साथ ही युवाओं के शिक्षा स्तर को बढ़ाने हेतु सोनाखान में दो से तीन समिति मिलकर एक वाचनालय सह कोचिंग सेंटर की स्थापना कर स्थानीय युवाओं के लिए शिक्षा प्रोत्साहन देने निर्देश दिये गए। कार्यशाला में उप वनमण्डल अधिकारी कसडोल अनिल वर्मा, एसीएफ गजेंद्र वर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर, सोनाखान, अर्जुनी सहित वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, महिला समूह सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## वन प्रबंधन समितियों के लिए कार्यशाला का आयोजन



### विस्तार से दी जानकारी

कार्यशाला में तीनों परिक्षेत्र के समिति अध्यक्ष, सदस्य, महिला समूह एवं समिति सचिव को वन प्रबंधन समिति की वार्षिक कार्य आयोजना में शासन द्वारा प्रदत्त काष्ठ एवं बांस की लाभांश राशि की उपयोग जिसमें 60 प्रतिशत रोजगार मूलक, 20 प्रतिशत सिंचाई सुविधा, 10-10 प्रतिशत अधोसंरचना विकास व पेयजल के लिए राशि का उपयोग कर वार्षिक कार्य आयोजना बनाए जाने के बारे में विस्तार से बताया गया।

## पर्व : यात्रा के दौरान बांटा गया गजामूंग का प्रसाद

# श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर में शुक्रवार को वैष्णव परिवार द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी वर्षों से चल रही परंपरा के अनुसार रथयात्रा निकाली गई। यह रथयात्रा नगर के प्राचीन महामाया मंदिर से निकाली गई। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर रथ खींच कर रथयात्रा प्रारंभ की। तत्पश्चात भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ यात्रा के लिए निकले जो सदर रोड होते हुए नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक पहुंचे, जहां नगर के साथ आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए एकत्र हुए थे। श्रद्धा एवं आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने रथ को खींच कर व झाड़ू लगा कर पुराने परंपरा का निर्वहन किया। ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। भगवान जगन्नाथ के दर्शन पश्चात अंकुरित चना मुंग व शक्कर से बने प्रसाद जिसे गजामुंग कहा जाता है का वितरण किया गया। रथयात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस महामाया मंदिर पहुंची। इस दौरान रथयात्रा का मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया।



## बच्चों एवं महिलाओं ने खींचा भगवान का रथ व लिया आशीर्वाद

■ नगर भटगांव में निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**भटगांव।** नगर भटगांव में भगवान जगन्नाथ की बाजे गाजे के साथ रथयात्रा निकाली गई। बाजे गाजे के साथ रथ में भगवान जगन्नाथ विराजे और पूरे नगर का भ्रमण किया, जहां नगर के लोगों ने पूजा अर्चना और पुष्प वर्षा करते हुए भगवान जगन्नाथ का भव्य स्वागत किया। नगर में जब भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई तो महिलाएं एवं बच्चे अपने-अपने घरों के सामने वह चौक चौराहा में भगवान का स्वागत के लिए आरती की थाली लिए हुए खड़े रहे। पुरानी हटरी गांधी चौक में, छोटी-छोटी दुकान मेले की तरह लगी रही, जिसमें मिठाई की दुकान नाश्ते की दुकान गुब्बारे वाले फल वाले, अपनी अपनी दुकान सजाए थे। नगर के श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर भगवान से आशीर्वाद लिया और बच्चों व महिलाओं ने भगवान का रथ खींचा। वहीं भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथ बाजे गाजे के साथ राधा कृष्ण मंदिर पुराना हटरी से होते हुए ब्राह्मण पारा रंग मंदिर, नया हटरी पहुंचा जहां नगर के लोगों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। वार्ड 2 में मेन रोड, नहर पार, सेठ तालाब पार इत्यादि स्थानों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा दुर्गा मंदिर से निकली जहां वार्ड 2 के श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर भगवान का दर्शन किया।



## नवपदस्थ सहायक आयुक्त का सर्व आदिवासी समाज ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विगत दिनों नवपदस्थ सहायक आयुक्त बलौदाबाजार सूरज दास मानिकपुरी से सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने जिला कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार में सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और स्थानांतरण होने पर पूर्व सहायक आयुक्त संजय कुर्रे को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला सचिव थानु ध्रुव, जिला युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष संतोष ध्रुव, समाजसेवी मदन सिंह पोर्ते, दयाराम ध्रुव, युवा प्रभाग संरक्षक कृष्णा ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## आईटीआई परिसर में किया गया पौधारोपण

**बलौदाबाजार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अंतर्गत पौधारोपण किया जा रहा हैं। इसी क्रम में शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार सकरी परिसर में 300 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गये। बताया गया कि आईटीआई परिसर में प्रतिवर्ष पौधारोपण किया जाता है, जिसमें प्राचार्य सहित प्रशिक्षण अधिकारी एवं विद्यार्थियों की सक्रिय योगदान रहता है। जिले के सभी 5 विकासखंडों में शासकीय आईटीआई संचालित हैं। इस वर्ष भी सभी आईटीआई परिसर में वृहद पौधारोपण किया जा रहा है।



# भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**हिरमी-रवान।** हिरमी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सरपंच पुनउराम भारती और जनपद सदस्य प्रतिनिधि हेमन्त यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। दुधाधारी बालाजी मंदिर स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन धूमधाम से किया गया। हजारों श्रद्धालु इस पवित्र आयोजन का हिस्सा बने।

सुबह पूजा-अर्चना और अभिषेक के बाद दोपहर में रथ यात्रा शुरू हुई, जिसमें भक्तों ने उत्साहपूर्वक रथ खींचा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां अगले 10 दिनों तक स्थानीय दुधाधारी बाला मंदिर में विराजेंगी, जहां प्रतिदिन उनकी पूजा-आरती होगी। इसके बाद मूर्तियों की मंदिर में वापसी होगी। वर्षों पहले इस रथ यात्रा की परंपरा शुरू की थी, जो आज भी भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है। सीतामणी राम मंदिर से भी रथ यात्रा निकाली गई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्राम पंचायत हिरमी के सरपंच पुनऊराम भारती और हेमन्त यादव जनपद सदस्य प्रतिनिधि शामिल हुए। उनके साथ कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी रथ यात्रा में भाग लिया। हेमन्त यादव ने ग्रामवासियों को रथ यात्रा की बधाई देते हुए हिरमी की सुख-समृद्धि की कामना की। रथयात्रा में हिरमी बालाजी मंदिर में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में पुजारी जयप्रकाश मिश्रा, उपसरपंच परमानंद जायसवाल, कामता फेकर, हेमंत यादव, जगदीश तिवारी, संगीता तिवारी, मुकेश सिन्हा, रामजी धुव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे ।



## पेज 13 के शेष

### डायरिया प्रभावितों का ...

आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. अभिजीत बैनर्जी ने बताया कि पलारी में मरीजों के उपचार हेतु पर्याप्त व्यवस्था है। भर्ती में से ऐसे मरीज जिनका यूरिन आउट पुट कम हैं एवं बच्चे और गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी की जा रही है। स्टाफ के अवकाश भी निरस्त कर दिए गए हैं। वार्डों में ओआरएस सहित जरूरी दवाइयों का भी वितरण किया गया है। पानी जांच हेतु भी भेजा गया है। लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। इस दौरान एसडीएम दीपक निकुंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### ईमानदारी, निष्ठा व ...

विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार ने 18 महीने में विकास की रफ़्तार क़ो बढ़ाई है। शिक्षा व्यस्था बेहतर करने तथा संतुलन हेतु युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया अपनाई गई। 2047 तक भारत क़ो विकसित राष्ट्र बनाने में नई शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम क़ो जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री वर्मा ने स्कूल परिसर में पीपल के पौधे का रोपण किया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य चंद्रशेखर ध्रुव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, रविशंकर वर्मा सुनीता वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, डीईओ, बीईओ, प्राचार्य, शिक्षक, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### ठगी के दो..

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कई लोगों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। पुलिस आरोपियों के बैंक अकाउंट, संपत्ति की जानकारी एकत्र कर रही है तथा साइबर सेल की टीम द्वारा प्रकरण के समस्त बिंदुओं का अवलोकन कर तकनीकी विश्लेषण भी किया जा रहा है। प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा अब तक थाना कसडोल में तीन अपराधिक प्रकरण दर्ज करने के साथ ही कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### रोजगार सहायकों को...

व्यवहार करता है, ताकि उनके मंसूबे योजनाएं सफल हो जाये। इससे अच्छा है प्रशासन मनरेगा बंद कर दे, क्योंकि रोजगार सहायकों को न समय पर मानदेय और न ही रोजगार सहायकों के भविष्य पर कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाया है। मनरेगा मजदूरों को हफ्ताभर में मजदूरी मिल जाती है, परंतु मनरेगा रोजगार सहायकों को चार माह से मानदेय देने में वर्तमान सरकार नाकाम साबित होते दिख रही है। इससे बड़ा दुर्भाग्य प्रशासन व रोजगार सहायकों के और कोई उदाहरण नहीं हो सकता, जो कि चार माह से रोजगार सहायकों को मानदेय नहीं दे पा रहा है।

### विधायक के विरुद्ध

मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, भीष्म साहू सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। सरसींवा थाना प्रभारी वीणा यादव से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### भालूकोना रपटे पर...

अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इस रपटे पर पुल निर्माण की मांग की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल के अभाव में उन्हें मजबूरन कई किलोमीटर घूम कर तिल्दा या अन्य स्थानों तक पहुंचना पड़ता है। इससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। ग्रामीणों नें बताया कि बारिश के दिनों में ट्रैक्टर और छोटे वाहनों का इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चों और मरीजों के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा परेशान करने वाली होती है। जनता ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि भालूकोना रपटे पर स्थायी पुल का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए, जिससे बारिश में हर वर्ष आने वाली परेशानी से स्थायी समाधान मिल सके।




**खबर संक्षेप**



## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सफलता पूर्वक हुआ प्रसव

**गोपालपुर।** यहां के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विगत दिनों प्रसव करवाने पहुंची महिला के गर्भस्थ में शिशु की धड़कन कम होने के साथ हलचल कम थी, जिसे संस्था प्रभारी घनश्याम चन्द्रा एवं स्टाप द्वारा सीपीआर देकर बच्चा को बचाया गया। वहीं स्टाप नर्स जलेश्वर निराला ने प्रसव कराने में तत्परता दिखाई। ज्ञात हो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुर के प्रभारी एवं स्टाप नर्स लोग अपने कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक काम करने से क्षेत्र के लोगों में उनके कार्य की सराहना होती है। इसी कारण दूर-दूर के लोग यहां ईलाज करवाने आते हैं। यहां का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिला में दो बार प्रथम स्थान पर कर चुका है। इसी कारण लोगों का विश्वास यहां के स्वास्थ्य कर्मियों पर बना है।

## बिजली बंद करने में सारागांव प्रदेश में अव्वल

**बंगोली।** विद्युत वितरण केंद्र सारागांव बिजली बंद करने में प्रदेश में अव्वल नंबर पर चल रहा है। इनका बिजली बंद करने का कोई समय नहीं है, क्योंकि बिजली ऑपरेटर संविदा के सहारे चल रहा है। ऑपरेटर संविदा में नियुक्ति है, पर इनका मन करे तब बिजली बंद की जाती है। 27 जून रात्रि में 3 बजे बिजली बंद हुई जो सुबह 7 बजे बिजली शुरू हुई। 5 घंटे बिजली बंद बंगोली, कुर्रा, धनसुली व बरौंडा में रही। उपभोक्ताओं ने कहा कि बिजली कार्यालय सारागांव उच्च कार्यालय को सूचित कर सही पॉवर फूल यंत्र लगाये या ऑपरेटर की संख्या बढ़ाये, या खराबी को दूर करें, जिससे उपभोक्ताओं को बराबर बिजली मिले, परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। बिजली बिल में रुपयाभर कमी नहीं होता। मीटर रिडिंग के अनुसार बिल आता है, परंतु पॉच घंटे बिजली बंद मे मीटर रिडिंग में अंतर आना चाहिए, लेकिन नहीं आता। 28 जून रात्रि 10 बजे बंद हुई बिजली 11 बजे रात में आयी। बिजली ऑपरेटर को फोन करने से जवाब मिलता है फॉल्ट खोज रहे हैं या मेरा ड्यूटी नहीं है, कहकर फोन ऑपरेटर रिसीव नहीं करता।

## गायत्री परिवार का जिला स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला आज

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माता की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में देशभर में नारी जागरण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला का आयोजन महासमुंद में शनिवार 29 जून को किया जा रहा है। इस कार्यशाला में सरला कोसरिया, शशि प्रभा थिटे एवं हेमलता साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समाज निर्माण में उनकी सशक्त भूमिका के लिए प्रेरित करना एवं उनके अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। कार्यशाला का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा। इसके लिए जिले के सभी विकासखंडों एवं आसपास के ग्रामों में व्यापक संपर्क किया जा रहा है।

**शिक्षासत्र : स्कूल प्रबंधन ने किया स्वागत, खिलाई मिठाई और बांटे गणवेश**

# प्रवेशोत्सव पर बच्चों को परोसी गई खीर, पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



शासकीय प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय और संकुल केंद्र असौंदा शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सरपंच जितेन्द्र चन्द्राकर, संकुल समन्वयक राजेश कुमार बंजारे की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मुंह मीठा कराया। विद्यालय में पहली बार कदम रखने वाले नन्हें मुन्नें बच्चों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असौंदा के सरपंच जितेन्द्र चंद्राकर, अध्यक्षता नंदनी ध्रुव एसएमसी उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि कुमार सिंह यादव, देवनारायण वर्मा, गणेशु साहू, रविन्द्र तुरकाने, प्रमिला साहू, सेवती पाल, गंगा साहू इन सभी अतिथियों ने उपस्थित बालकों को विद्यालय की गुणवत्ता शिक्षा प्रणाली और शासन की योजनाओं की महत्ता से अवगत कराया। ग्राम पंचायत के सरपंच जितेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। उन्होंने पालकों को विश्वास दिलाया कि विद्यालय उनके बच्चों के भविष्य निर्माण में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगा। संकुल समन्वयक राजेश कुमार बंजारे ने कहा कि बच्चों की मुस्कान और उनकी आंखों की चमक इस बात की गवाही दे रही थी कि वे इस नये वातावरण में खुद को सुरक्षित अपनापन भरा और प्रेरित महसूस कर रहे हैं। प्रधान पाठक नेवारन दास गायकवाड़ ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, उन्हें अभी से संस्कृति और संस्कार देना जरूरी है। सफलता का मंत्र मेहनत और अनुशासन है। उन्होंने शिक्षा की भूमिका पर भी बात की। रमेश कुमार वर्मा प्रधानपाठक ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति करने, मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया।

संस्था के शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने बच्चों को पढ़ाई का महत्व बताया और कहा शिक्षा जीवन में अमूल्य है। देश के निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका है। बच्चों को माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने की सीख दी गई। समय पर स्कूल आने और शिक्षकों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाने की बात कही गई।

साथ ही बच्चों को निशुल्क गणवेश वितरण किया गया। बच्चों को खीर, पूरी, सब्जी, चावल जैसे पौष्टिक भोजन भी दिए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया। इस अवसर पर नीलिमा सावरगांव कर, मनोज कुमार चेलक, सोहन लाल चन्द्राकर, पुरुषोत्तम टंडन, राम गुलाल दीवान, अश्विनी वर्मा, पूर्णिमा सेन, लक्ष्मी सेन शिवकुमारी ध्रुव, मोतीलाल बारले, पालकगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, पंच और विद्यालय के छात्र छात्राएं, इको क्लब के सदस्य, स्काउट गाइड के छात्र छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित थे।

## प्रवेशोत्सव पर स्कूल में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सिमगा।** आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के बाद विद्यालय में बच्चों को न्योता भोज भी करवाया गया। उक्त कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को गुलाल का टीका लगाकर एवं उनका मुंह मीठा कराया गया। जनपद पंचायत सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे ने छात्र छात्राओं को पूरे मन से पढ़ाई लिखाई कर अपने स्कूल और अपने माता पिता का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया। दीनबंधु शर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राएं नियमित स्कूल आयें। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। छात्र छत्राओं द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं अतिथियों द्वारा स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर सचिन जैन, विष्णु जायसवाल, माया सलूजा, दीनबंधु शर्मा, एमडीअय्यूब

## जरौंदा स्कूल में प्रवेशोत्सव व शिक्षक सम्मान हुआ



**खरोरा।** ग्राम पंचायत जरौंदा के हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला के 1ली, 6वी, 9वीं के नवप्रवेशी बच्चों का ग्राम पंचायत व एसएम डी सी.एस एम सी के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेशोत्सव व शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सविता चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, दिनेश खूंटे जनपद उपाध्यक्ष, रुखमणी संतोष वर्मा जनपद सदस्य, अजीत वर्मा सरपंच, टोप्पो मैडम प्राचार्य, सीएमडीसी अध्यक्ष रामखेलावन वर्मा, सीएमसी अध्यक्ष सुखीराम साहू, उमेश साहू उपाध्यक्ष, ईश कुमार साहू, चरण साहू, रूखम साहू, नारायण साहू, रामचरण लहरी, शांता साहू, सरिता साहू, लता लहरी, अशोक, सोहन, तालेश्वर साहू, संतोष बघेल, राजपूत सर, राज श्रेय, योगेश सर व समस्त शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित थे।

## शिशु संस्कार केंद्र में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र में 28 जून को शाला में नवप्रवेशी प्रवेशार्थियों बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में शाला नोडल अधिकारी कौशल शुक्ला, शाला प्रबंधन समिति से पारस चोपड़ा, शरद जैन, मनोहर महांती, प्राचार्य अवनीश वानी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, एसपीएस की प्राचार्य गुरूप्रीत कौर, सहप्रधानाचार्य भावना गांधी उपस्थित थी। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन से कर किया गया। कक्षा नर्सरी, केजी 1, केजी2, के बच्चों को कापी पुस्तक व मिठाइयां वितरित की गई, बच्चों के साथ पालकों का भी सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान करने का वचन दिया। इस अवसर पर शाला परिवार, पालकगण अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा सोनी ने किया व आभार प्रदर्शन नैना श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



# शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत से रुबरु हुए वन अधिकारी गजेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

प्रशासनिक सेवा की शुरुआत कर रहे प्रशिक्षण सहायक वन संरक्षक गजेंद्र कुमार वर्मा ने अपने ओन-द-जॉब प्रशिक्षण के दौरान सिमगा विकासखंड के अंतर्गत नर्सरी वन विभाग, संजय निकुंज उद्यान कचलोन, कृष्णा कुंज सिमगा में वन विभाग द्वारा कराए गए पौधारोपण, ग्राम पंचायत लावर वन विभाग की भूमि एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए मनरेगा योजना के तहत सड़क किनारे पौधारोपण का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत डोंगरिया में निजी पौधारोपण कार्यक्रम ग्राम पंचायत पौसरी (उड़ेला) आदिवासी समुदाय के लिए बनाए गए प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी का निरीक्षण किया गया एवं जनजातियों से आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के संबंध में जानकारी ली गई। उनके द्वारा ग्राम पंचायत नवापारा में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की जा रही नर्सरी का निरीक्षण किया गया एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को उनके द्वारा नर्सरी तैयार करने हेतु तकनीकी पहलुओं पर मार्गदर्शन किया।

उन्होंने एकता स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। भ्रमण के दौरान उनके साथ वनविभाग बलौदाबाजार के रेंजर बसंत खांडेकर, अंजु वर्मा जनपद पंचायत सिमगा से सीईओ अमित दुबे तकनीकी सहायक शिवेश वर्मा, गुलशन चंद्राकर, जिला एवं सिमगा वन विभाग के गोविंद पाटले और इमेश्वर शर्मा उपस्थित रहे।

## श्रमिकों को निर्धारित दर पर मजदूरी देने ठोस कदम उठाये सरकार

**सिमगा।** बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने कहा कि छत्तीसगढ़ बने ढाई दशक हो गए, लेकिन श्रमिकों की स्तिथि वहीं के वहीं है। प्रदेश से लाखों मजदूरों श्रमिकों का पलायन होता रहा है, जो आज भी नहीं रुकी है। इसके सबसे बड़े प्रमुख कारण है शासन द्वारा निर्धारित दर पर वेतन नहीं मिलना, निर्धारित समय से अधिक 12-12 घंटों तक कार्य करवाना। आज इन श्रमवीर साथियों को शासन के योजनाओं का उनके हक के पीएफ मेडिकल फंड पर ठेकेदार डाका डाले हुए हैं। आज राज्य सरकार इस बढ़ती महंगाई पर मनरेगा मजदूरों की वेतन 190 से बढ़ाकर 211 रुपये कर दिए, जिसके लिए उन्हें साधुवाद है, किंतु 340 रुपये जिसकी मजदूरी है, उससे आज भी 12 घंटा के 130, 180, 200, रुपये मजदूरी मिल रही है, श्रमिकों व मजदूरों को कार्य अनुसार निर्धारित दर मिले, इसके लिए शासन को ठोस कदम उठाते हुए कार्रवाई करनी होगी तभी इस आसमान छूते महंगाई में दो वक़्त का भोजन खा सकते हैं। प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने श्रमिक साथियों को अधिक से अधिक शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए बहुजन आंदोलन पार्टी ग्रामीण स्तर पर कार्य करने की बात कही। क्षेत्रीय उद्योग में क्षेत्र के बेरोजगारों को मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप अधिक से अधिक रोजगार दिलाने पर कार्य करना चाहिए जिसमे जिला के युवाओं को बाहर पलायन करने की जरूरत न पड़े।



# छात्रों को दी गई डायरिया और संक्रामक रोग से बचाव की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड तिल्दा-नेवरा के संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को डायरिया जैसे संक्रामक रोग की रोकथाम एवं सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ओआरएस घोल के उपयोग, उसकी विधि एवं महत्व को सरल भाषा में समझाया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि गर्मी एवं बरसात के मौसम में किस प्रकार स्वच्छता और पोषण के माध्यम से बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। इस जागरूकता कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्ना डे एवं मैडम भारती, तांती की विशेष भूमिका रही। उन्होंने विद्यार्थियों को रोगों से बचाव के घरेलू उपायों, हैंडवॉश तकनीक और स्वच्छ पेयजल के उपयोग के विषय में भी जागरूक किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक जानकारी देना एवं उन्हें सुरक्षित और स्वच्छ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था।

# खैरवारडीह मार्ग हुआ जलमग्न, ग्रामीण परेशान



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** बलौदाबाजार सिमगा मार्ग से खैरवारडीह वन के बीचो बीच 3 किलोमीटर की यह कच्ची सड़क बलौदाबाजार-भाटापारा मार्ग में जुड़ती है, जो 20 वर्षों से अपनी जीर्णोंदधार की बांट जोहते गड्ढों में तब्दील होकर जलमग्न हो गई। इस मार्ग से अपने भविष्य को गढ़ने वाले स्कूलों के बच्चे और गुजरने वाले राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर जनप्रतिनिधियों को इस मार्ग की दुर्दशा पर कोसते हुए तय करते हैं। यहां के ग्रामीण कहते हैं कि हरेक चुनाव में नेताओं के झुठे वादों से हम चार पंचवर्षीय से ठगे जा रहे हैं।

# पूर्व माध्यमिक शाला में बाल कैबिनेट और इको क्लब के लिए हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में बाल केबिनेट छात्र संसद एवं मिशन लाइफ इको क्लब का प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से निर्वाचन हुआ। विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लिया। निर्वाचन प्रक्रिया की शुरुआत सुबह मतदान केंद्र की स्थापना और नामांकित उम्मीदवारों के परिचय के साथ हुई। मतदान में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के छात्रों ने भाग लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में बाल प्रधानमंत्री तन्मय ध्रुव, उपप्रधानमंत्री किंजल साहू, संसद अध्यक्ष चेतन ध्रुव, स्वास्थ्य मंत्री ऋषि ध्रुव, शिक्षा मंत्री आदित्य वर्मा, पर्यावरण मंत्री प्रकाश निषाद, खेल मंत्री शीला साहू, सांस्कृतिक मंत्री ईशा सेन, कृषि एवं उद्योग मंत्री प्राची ध्रुव, कानून एवं सुरक्षा मंत्री रितेश ध्रुव सहित अन्य पदों का चयन किया गया। इस अवसर पर मिशन लाइफ के अंतर्गत इको क्लब के लिए भी छात्रों के बीच चुनाव आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण ऊर्जा बचत जैसे विषयों पर कार्य करने वाले सक्रिय छात्रों का चयन किया गया। अध्यक्ष डिम्पल सेन तथा सदस्यगण के रूप में सती यादव, खेमराज निषाद, शौर्य ध्रुव, खेमराज, मेघा साहू एवं वर्तिका ध्रुव का चयन किया गया। प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक द्वारा सभी पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराकर कार्यभार सौंपा गया। प्रधानपाठक ईश्वर प्रसाद रजक, शिक्षक गजपति प्रसाद ध्रुव, हेमकुमार देवांगन ने बच्चों को लोकतंत्र की मूल भावना मतदान का महत्व और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। निर्वाचन प्रक्रिया में शिक्षकगणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही और सभी ने निष्पक्ष रूप से निर्वाचन सम्पन्न कराया। यह आयोजन न सिर्फ शैक्षणिक विकास की दिशा में एक कदम था बल्कि बच्चों में नेतृत्व क्षमता जिम्मेदारी एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता जागृत करने का प्रेरणादायक प्रयास भी सिद्ध हुआ।




## दो घंटे की बारिश के बाद गर्मी से मिली राहत

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि शनिवार को सुबह से झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश करीब दो घंटे तक हुई।




# सेवानिवृत व्याख्याताओं को स्मृति चिंह भेंटकर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव और महेंद्र कुमार साहू को विद्यालय परिवार और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने विदाई दी। समारोह में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य रजनी मिंज, विधायक कार्यालय प्रभारी व नगर पंचायत खरोरा उपाध्यक्ष सुमित सेन ने दोनों व्याख्याताओं को पुष्प गुच्छ, शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। प्राचार्य रजनी मिंज ने डोमार सिंह यादव और महेंद्र कुमार साहू की कर्तव्यनिष्ठा, सरल स्वभाव और समर्पित कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दोनों ने विद्यालय के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जो हमेशा प्रेरणादायी रहेगा। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने दोनों व्याख्याताओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, सेवानिवृत्ति के बाद भी विद्यालय द्वार आपके लिए शिक्षकीय कार्यों हेतु हमेशा खुले रहेंगे। उन्होंने दोनों के स्वस्थ और सुखमय भविष्य की कामना की।

व्याख्याता पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि दोनों व्याख्याता अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करते थे। शाहिना परवीन, संगीता नायक, रजनी त्रिपाठी और रीतारानी वर्मा ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि डोमार सिंह और महेंद्र कुमार बच्चों के साथ बच्चे बनकर पढ़ाते थे और हर कार्य में सहर्ष सहयोग देते थे, जिससे जटिल कार्य भी सुगम हो जाते थे। विदाई समारोह में उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने दोनों व्याख्याताओं के साथ बिताए पलों को याद किया और उनके योगदान को हृदय से सराहा। इस दौरान स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए।

